राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्स: 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक– 253 / 241 / NULM / तीन / 200(SM&ID) -II दिनांक– 26/04/17

सेवा में,

1. **समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष,**
   जिला नगरीय्र विकास अभिकरण
   उत्तर प्रदेश।
2. **समस्त परियोजना निदेशक / सिटी प्रोजेक्ट आफिसर**
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, डूडा उ0प्र0।

विषय : सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास एवं स्वरोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में लक्ष्य निर्धारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपय उपर्युक्त विषयक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास (Social Mobilisation and Institution Development-SM&ID) एवं स्वरोजगार कार्यक्रम (Self Employment Programme -SEP) के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त घटकों हेतु वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु विभिन्न गतिविधियों हेतु लक्ष्य आवंटन के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रदेश हेतु वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2017–18 की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है तथा शीघ्र ही भारत सरकार से कार्ययोजना पर स्वीकृति मिलने की सम्भावना है। भारत सरकार से कार्ययोजना की स्वीकृति प्राप्त होते ही शहरों को लक्ष्य आवंटित कर दिये जायेंगे।

उल्लिखित घटकों विशेष रूप से सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016–17 की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही है, जिसके दृष्टिगत भारत सरकार के संयुक्त सचिव द्वारा दिनांक 13.04.2017 को की गयी समीक्षा में विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है, जिसके दृष्टिगत आपसे अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष 2017–18 में इन घटकों के अन्तर्गत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन लक्ष्य आवंटन की प्रत्याशा में कतई भी रोका न जाये और न ही प्रगति को प्रभावी किया जाये। सैधान्तिक रूप से शहर को विगत वर्ष 2016–17 में आवंटित लक्ष्य के समान लक्ष्य ही इस वर्तमान वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु प्रस्तावित किया गया है। इस प्रकार जिन शहरों में विगत वर्ष में जो लक्ष्य आवंटित थे उन्हीं के समान इस वर्ष हेतु अनन्तिम लक्ष्य मानते हुए तेजी से कार्यवाही जारी रखते हुए कार्यो का सम्पादन किया जाये। सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत विगत वर्षो (2015–16 एवं 2016–17) में गठित सभी स्वयं सहायता समूहों एवं ए0एल0एफ0 को रिवाल्विंग फण्ड तथा गठित समूहों को बैंकों से लिंकेज, समूह सदस्यों का व्यक्तिगत बचत खाता एवं वित्तीय साक्षरता कौम्पों का आयोजन, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से सम्बद्धता की कार्यवाही तीव्रगति से की जाय साथ ही नये एस0एच0जी0 का गठन भी तेजी से कराया जाय। इसमे किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता के दृष्टिगत आगामी 100 दिवसों में अनन्तिम लक्ष्यों के सापेक्ष तदानुसार एक निश्चित लक्ष्य को प्राप्त किया जाना अपरिहार्य है। जिसके फलस्वरूप वार्षिक अनन्तिम लक्ष्यों के सापेक्ष उल्लिखित सभी गतिविधियों में तदानुसार लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जानी है।

अतः उपरोक्त के आलोक में माननीय मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता के दृष्टिगत सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास एवं स्वरोजगार कार्यक्रम वर्तमान वित्तीय वर्ष 2017–18 हेतु विगत वर्ष 2016–17 में शहर हेतु आवंटित लक्ष्य के समान इस वर्तमान वर्ष का अनन्तिम लक्ष्य मानते हुए तेजी से कार्यवाही जारी रखते हुए तदानुसार 100 दिवसों में लक्ष्य प्राप्त हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव
प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन।
2. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परियोजना अधिकारी डूडा को अनुपालनार्थ।
3. समस्त सिटी मिशन मैनेजर, सामाजिक विकास एवं अवस्थापना, डूडा उ0प्र0।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक